# श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

---

**श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द**

ऐसे शब्द जो सुनाने में एक जैसे लगते हैं लेकिन उनके अर्थ अलग- अलग होते हैं **श्रुतिसमभिन्नार्थक** शब्द कहलाते हैं।

**जैसे:**

**उतर:** (उतरना) वह सीढ़ियों से उतर रहा है।

**उत्तर:** (जवाब) तुम्हारे पाँच उत्तर सही हैं।

**दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों को ध्यान से पढ़िए:**

- मोहिता और अंशु स्कूल की ओर जा रही हैं।
- उन स्त्रियों ने ऊन खरीदी।

बच्चों हिंदी में कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं, जो सुनने में एक**-जैसे** लगते हैं। जैसे: ऊपर के वाक्यों में और व ओर तथा उन व ऊन ऐसे ही शब्द हैं। इन शब्दों का अर्थ एक-सा नहीं होता। ऐसे शब्द सुनने में भले ही एक जैसे लगें, परंतु उनमें एकाध मात्रा या अक्षर का अंतर अवश्य रहता है।

**उदाहरण:**

**उतर – (उतरना):** वह सीढ़ियों से उतर रहा है।

**उत्तर – (जवाब, एक दिशा का नाम):** (क) तुम्हारे पाँच उत्तर सही हैं। (ख) हिमालय भारत के उत्तर में है।

गाड़ी – **(एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने वाले यातायात के साधन) जैसे- रेल, ट्रक, आदि):** हम रेलगाड़ी द्वारा मुंबई जा रहे हैं।

**गाढ़ी – (घनी):** आज खीर कुछ गाढ़ी हो गई।

| शब्द | अर्थ | वाक्य में प्रयोग |
|---|---|---|
| पता | किसी का स्थान या ठिकाना | पारुल के पत्र पर पता ठीक नहीं लिखा था। |
| पत्ता | किसी पेड़-पौधे का पत्ता | पेड़ के पत्ते हरे हैं। |
| मेला | किसी विशेष त्योहार पर लगा हुआ बाज़ार | दशहरे के दिन मेला लगता है। |
| मैला | गंदा | उसका कुरता मैला है। |
| पीट | पीटना | भीड चोर को पीट रही थी। |
| पीठ | कमर | पढ़ते समय पीठ सीधी रखो। |
| पिला | पिलाना क्रिया | थोड़ा पानी पिला दो। |
| पीला | एक रंग | सूरजमुखी का फूल पीला है। |
| समान | बराबर | कानून की नज़र में सब समान हैं। |
| सामान | सामग्री या पदार्थ | यह सामान मेरा है। |
| शोक | दुख | निपुण के निधन पर घर में शोक छा गया। |
| शौक | चाव | मुझे चित्र बनाने का शौक है। |
| बाग | उपवन | बाग में फूल खिले हुए हैं। |
| बाघ | एक पशु | बाघ जंगल में रहता है। |
| पूछ | पूछना | राहुल का पता साहिल से पूछ लो। |
| पूँछ | किसी पशु की दुम | कुत्ता पूँछ हिलाता है। |